**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPA | नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 31 दिसंबर 2022 | DATED---------------

# रिज एरिया की घोषणा के बाद अवैध हुईं 9 कॉलोनियां, नहीं होगी रजिस्ट्री

## इलाके की पहचान में देरी से करीब 60 हजार की आबादी पर आई मुसीबत

■ राम त्रिपाठी, साउथ दिल्ली

**फॉरेस्ट** और रिज एरिया की पहचान और उसकी घोषणा में कई वर्षों की देरी का एक और मामला प्रकाश में आया है। डीडीए ने साउथ दिल्ली और उसके आसपास की 9 कॉलोनियों को रिज क्षेत्र में घोषित कर उन्हें अवैध कब्जा करार दिया है। अब उन कॉलोनियों की संपत्ति की रजिस्ट्री भी नहीं हो सकती है। जबकि उनमें से 7 कॉलोनियां 29 अक्टूबर, 2019 को स्वीकृत हुई 1797 कॉलोनियों की सूची में शामिल हैं। इन कॉलोनियों में रहने वाले कई परिवार की तीसरी पीढ़ी वहां पैदा हुई है। उनका कहना है कि संपत्ति में उनकी सारी जमा पूंजी लग चुकी है। अब वे क्या करें और कहां जाएं?

File Photo



डीडीए के सर्कुलर के अनुसार, 589 (यूसी रजिस्ट्रेशन नंबर) जौनपुर भीम बस्ती, 35 संभव बापू कॉलोनी, 135 संभव बापू कॉलोनी, 35 शांति कॉलोनी मंडी पहाड़ी आबादी, 335 शांति कैंप-1 मंडी पहाड़ी आबादी, 59(एलओपी) संजय कॉलोनी, 22 (ईएलडी) हरिजन बस्ती, 25(ईएलडी) हरिजन बस्ती लालकुआं और 359 गली नंबर-17 एच ब्लॉक संगम विहार के नाम शामिल हैं। इनमें रजिस्ट्रेशन नंबर 35 की दोनों कॉलोनियों का जिक्र स्वीकृत कॉलोनियों के संबंध में जारी हुए राजपत्र (गैजेट) में नहीं है। यानी वे स्वीकृत नहीं हुई हैं। ये वे कॉलोनियां हैं, जहां 40 से 60 हजार की आबादी है। उनमें भाटी माइंस की बहुचर्चित संजय कॉलोनी भी शामिल है। 1976 में कांग्रेस शासन काल के दौरान सरकारी तंत्र ने इसे बसाया था।

*प्रभावित लोगों का कहना है कि अगर वे फॉरेस्ट या रिज एरिया में रह रहे थे और उन्होंने सरकारी संपत्ति पर अवैध निर्माण किया था, तो उस समय कार्रवाई करनी चाहिए थी*

कॉलोनी के सबसे पुराने निवासियों में शामिल दिलीप कुमार ने बताया कि तत्कालीन एलजी जगमोहन ने 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत भूमि के 120 गज के पट्टे आवंटित किए थे। 1994 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने संजय कॉलोनी को स्वीकृति दिलाई थी। उस समय 1071 अवैध कॉलोनियां पास हुईं थीं। कुछ साल बाद संजय कॉलोनी को स्वीकृत लिस्ट से बाहर कर दिया गया था। अब फिर से 'पीएम उदय योजना' के तहत स्वीकृति मिलने के 3 साल बाद बाहर कर दिया गया है। यह लोगों के साथ धोखा है। उन कॉलोनियों में रहने वाले प्रभावित लोगों का कहना है कि अगर वे फॉरेस्ट या रिज एरिया में रह रहे थे और उन्होंने सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण या अवैध निर्माण किया था, तो उस समय पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए थी। सरकार तो उनकी कॉलोनियों को स्वीकृत करती आ रही है। ऐसे में इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग नहीं, सरकार और उसकी नीतियां इसके लिए कसूरवार है।

**डीडीए ने मानी गलती :** डिप्टी डायरेक्टर हरीश चंद्र शर्मा ने सर्कुलर में माना है कि इन कॉलोनियों को न तो पीएम उदय योजना और न ही दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के तहत संपत्ति अधिकारी की मान्यता दी जा सकती है। ये कॉलोनियां रिज क्षेत्र में आती हैं।

---

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
शनिवार
31 दिसंबर 2022

# झुग्गीवालों से किए वादे से मुकरी भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। कालकाजी में नवजीवन कैंप और जवाहरलाल नेहरू कैंप की झुग्गियों को तोड़ने को लेकर मिले डीडीए के नोटिस पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि भाजपा चुनाव खत्म होने के एक महीने के भीतर ही अपने जहां झुग्गी वहीं फ्लैट के वादे से मुकर गई।

आप ने कहा कि अब झुग्गी तोड़ने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। भाजपा का चुनावी वादा कितना बड़ा झूठ था यह इस घटना से साफ हो गया है, लेकिन हम दिल्ली की झुग्गियां टूटने नहीं देंगे।

पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में आप विधायक आतिशी ने कहा कि एमसीडी चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री ने कालकाजी में करीब 500 परिवारों को झुग्गी के बदले फ्लैट की चाबी सौंपी। उसके बाद से भाजपा ने चुनाव में इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। भाजपा के लोगों ने पूरे चुनाव में घूम-घूमकर झुग्गियों में बताया कि दिल्ली में रहने वाले हर झुग्गीवालों को ऐसे ही फ्लैट मिलेंगे। अब चुनाव खत्म हुए एक महीने भी नहीं हुआ है और भाजपा अपने वादे से मुकर गई है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

WWW.INDIANEXPRESS.COM
THE INDIAN EXPRESS, SATURDAY, DECEMBER 31, 2022

# Atishi targets PM's 'jahan jhuggi wahan makaan' scheme

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, DECEMBER 30

HITTING OUT at the BJP-led central government's 'jahan jhuggi, wahan makaan' scheme, senior AAP leader and MLA Atishi Friday claimed that the party is shifting slum dwellers to Narela despite promising them a flat at the newly built EWS apartment in Kalkaji.

Prime Minister Narendra Modi had inaugurated 3,024 EWS flats built by the DDA for slum dwellers under the scheme in November. Ahead of MCD polls, the BJP also took slum dwellers to the newly built flats and promised them similar flats under the in-situ rehabilitation programme.

Atishi alleged that on Thursday evening, the DDA issued a notice and posted it at Navjeevan Camp and JLN Camp, saying that people living there will be moved to Narela. "During the MCD polls, BJP sought votes from people living in JJ camps and slum clusters based on 'jahan jhuggi wahan makaan'. As soon as the MCD elections got over, DDA put up a notice that this slum cluster is being sent to Narela."

Targeting the PM, Atishi said, "Just one day before the Model Code of Conduct for the MCD elections were to come into place, PM Modi held an event in which he met some residents of the Bhoomiheen Camp in Kalkaji and gave them the registration papers of their new houses... PM Modi has now refused to give flats near slums and made slum dwellers go 50 km away. We won't let the BJP run its bulldozers over Delhiites homes as (UP CM) Yogi Adityanath does. (Delhi) CM Arvind Kejriwal has promised that he will not allow bulldozers to run over any slum until everyone in Delhi gets a house."

The BJP denied the allegations. "Atishi is a machine of extreme lies, and as punishment for this, the people of Kalkaji defeated all three councillor candidates of AAP," said Harish Khurana, state unit spokesperson.



Ahead of the MCD polls, the BJP also took slum dwellers to the newly built flats in Kalkaji. *Archive*

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, DECEMBER 31, 2022

# Slum-dwellers being forced to move to Narela, claims AAP

Abhinav.Rajput@timesgroup.com

**New Delhi:** Aam Aadmi Party accused BJP on Friday of backtracking on its municipal poll promise of in situ rehabilitation of slum-dwellers after posters surfaced offering the residents of Govindpuri's Navjeevan and Jawaharlal Nehru camps the option of relocating to Narela.

AAP MLA Atishi said the slum residents were now being asked to shift 50km from their present homes. "In the MCD election campaigning, BJP sought votes from people in JJ camps and slum clusters on the basis of 'Jahan Jhuggi Wahan Makaan' and even showed them some flats. But as soon as the elections were over, a DDA notice said the residents were being sent to Narela," she said.

The poster said that DDA was working on an alternative for people living in these two camps. "The option of immediately rehabilitating the jhuggi residents of these camps in the flats at Narela is being considered, so that they do not have to wait for four-five years for in-situ development in the area," the poster read. "Jhuggi residents are requested to visit the camp office to get more information about the alternative scheme."

A DDA official said this was an optional offer for those who wanted flats immediately and nobody was being forced to move to Narela. "The construction of more flats here will take time, while there are flats ready in Narela," he explained.



Posters offering residents of Govindpuri's Navjeevan and Jawaharlal Nehru camps the option of relocating to Narela have surfaced

When **TOI** visited Navjeevan camp, residents reported seeing the posters and expressing reluctance to relocate to Narela as this would affect their livelihood. Muzeem, who earns a living as a domestic worker, said, "Either DDA gives us a flat like they did to people of Bhoomiheen Camp or they can let us live here itself. I earn around Rs 10,000 working in nearby housing societies. People know me here and if I need money during emergencies, they will help me. We will not go so far away."

Madan Raj also said no one would be willing to shift to such a distant place. "Many people work as drivers, helpers or staff in hospitals, guesthouses and societies in Sarita Vihar, Kalkaji, Govindpuri and nearby localities. If we are sent to Narela, we will lose our employment," he said.

Navjeevan and Jawaharlal Nehru camps are close to Bhoomiheen Camp where rehabilitation work is at an advanced stage. DDA will start shifting the slum-dwellers from Bhoomiheen Camp to the flats at Kalkaji in a week. On November 2, PM Narendra Modi had handed over the keys to eligible beneficiaries after inaugurating 3,024 newly built flats under the in situ slum rehabilitation project. Citing this, BJP had solicited the votes of slum-dwellers in the MCD elections.

Atishi said that the Delhi government wouldn't allow BJP to bulldoze the JJ clusters until everyone got a house. Delhi BJP spokesperson Harish Khurana countered that Atishi was lying. "The slum-dwellers of Bhoomiheen Camp have the first right to the flats built in Kalkaji," Khurana argued.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

**THE INDIAN EXPRESS,** SATURDAY, DECEMBER 31, 2022 ----------DATED----------

DESPITE HIGH COURT ORDER

# In unbearable cold, these students are studying in a school made of tin sheets

GAYATHRI MANI
NEW DELHI, DECEMBER 30





**Around 500 students enrolled in classes 1 to 12 study at Qaumi Senior Secondary School in Sadar Bazar.** *Amit Mehra*

ON FRIDAY morning, several students, clad in layers of sweaters and monkey caps, sat huddled on wooden benches in their "classroom" — which is nothing more than a tin roof supported by wooden sticks offering little protection from the winter chill. These children, among 500 enrolled in classes I to XII, study at Qaumi Senior Secondary School in Old Delhi's Sadar Bazar, which has been struggling for decades to secure land to erect a permanent building.

Originally built in 1948 in Sarai Khalil area for those who remained in India after the Partition, the Urdu-medium school was demolished in 1976 during the Emergency. The Shahi Eidgah then provided space to the management on its premises to hold classes from a semi-permanent structure. In 2018, the school got relief from the Delhi High Court, which ordered the Delhi Development Authority (DDA) to allot 4,000 square metres of land nearby to construct a permanent structure. The Delhi government was also directed to start work in six months.

Cut to 2022 and nothing has changed. When *The Indian Express* visited the school on Friday, it found four tin porta cabin "classrooms" with rickety wooden desks that can accommodate about 100-150 students. For the rest, the management has set up four "open-air" classrooms made of tin sheets.

Several students *The Indian Express* spoke to complained of difficulties they face while in class. Afsal Ansari, a Class VI student who studies in the morning shift, said: "It is very cold today... It was worse at 7 am when our classes began... It is very hard to read and write because of this." The school operates in two shifts — in the morning for classes VI to XII and afternoon for classes I to V.

Another student, Afsar Hussain, said, "It is equally bad during summer as there is no fan or light... even the drinking water is dirty... I don't know when we will get a permanent classroom, like the ones they show the CM visiting on TV."

Others pointed to poor facilities. Class IV student Raziya Khatoon, who was wearing six layers of clothes to beat the cold, said, "My sister and I come here in the morning to attend the madrasa and tuition... We study in the second shift. The main problem for us is using the toilet. It is a common toilet far from our classroom and it's scary to go alone... Teachers too only allow us to go in groups... Our mother told us not to use the toilet in school... We can control it but it is very hard to do so for 7-8 hours at a stretch..."

Several students also complained of the poor quality of mid-day meals. "Nothing is good here...The desks are broken...The *puri* they give us is very hard and rice is stale...," said Abdul Salim, who is in Class VI.

Another student from Class V said she will change schools after she finishes the primary section: "There are no fixed classes, we study science for two days, math and other subjects on other days as there are very few teachers... Sometimes, classes IV and V sit together."

Irshad Ali, who teaches all subjects for primary classes and is an alumnus, said nothing has changed in the last 22 years from when he was a student to now, when he is a teacher. "The school just got an upgrade from tent roofs to tin shade roofs... We are trying our best to teach the children but it is in the hands of the government and school management."

School principal Mohabbat Ali said: "The 2018 court order was a major relief to all of us, but we could not claim the land from the DDA as we did not receive a letter of allotment. Of the 4,000 square metres of land allotted, the MCD is constructing a parking lot on 1,600 sqm... A contempt case against the DDA was filed last month and the next hearing is on February 28."

Firoz Bakht Ahmed, who filed the PIL for restoring Qaumi School, said, "Education Minister Manish Sisodia promised a permanent school building with state-of-the-art facilities but nothing has been done so far... I have now filed a contempt case against the DDA for not allotting the land."

The DDA as well as the Delhi government did not respond to calls and messages seeking comment. The institution is a co-ed Delhi government-aided school.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 2 जनवरी 2023

# विकासपुरी : पार्क में नाले का गंदा पानी, पौधे हो रहे खराब

एनबीटी न्यूज, विकासपुरी



बदबू से होता है लोगों का बुरा हाल

**विकासपुरी इलाके** में डीडीए के पार्क में नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो हो रहा है। यहां आने वाले लोग अब इसकी बदबू से काफी परेशान हैं। लोगों के मुताबिक काफी समय से गंदा पानी ओवरफ्लो हो रहा है। पानी भरा होने से पार्क में मच्छरों की भरमार है। संबंधित विभाग में शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

विकासपुरी निवासी जगदीप सिंह अरोड़ा ने बताया कि विकासपुरी स्थित यह पार्क डीडीए का है। यह अन्य पार्कों के मुकाबले काफी बड़ा पार्क है। पार्क के पीछे नजफगढ़ का बड़ा नाला जा रहा है। पार्क के अंदर ही सीवर का एक पॉइंट है, जिसमें से लगातार गंदा पानी बाहर निकलता है। गंदे पानी से एक तरफ जहां पेड़-पौधे खराब हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ लोगों को इससे बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। यहां के रहने वाले चरणजीत सिंह ने बताया कि सीवर पॉइंट से निकल रहे गंदे पानी से काफी तेज दुर्गंध आती है। गंदे पानी के कारण पूरा पार्क धीरे-धीरे खराब होता जा रहा है।

नई दिल्ली, 31 दिसंबर, 2022 दैनिक जागरण

# एमसीडी को निर्माण व ध्वस्तीकरण का कचरा हटाने का निर्देश

जासं, नई दिल्ली : वसंत कुंज इलाके में स्थानीय कालोनी के पास निर्माण व ध्वस्तीकरण से निकलने वाले कचरे को हटाने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने रिपोर्ट दाखिल की है।

रिपोर्ट में डीपीसीसी ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), वसंत कुंज तहसीलदार और डीपीसीसी की संयुक्त टीम ने 14 दिसंबर को संबंधित इलाके का निरीक्षण किया। वहां पर गंदगी के साथ ही रंगपुरी पहाड़ी इलाके की तरफ से आने वाले टेंपो और ट्रक से धूल उड़ती है। इसके अलावा निर्माण व ध्वस्तीकरण का कचरा भी सड़क किनारे पड़ा मिला।

डीपीसीसी ने पर्यावरण अभियंता बीएमएस रेड्डी के माध्यम से रिपोर्ट दाखिल करके यह भी कहा कि निरीक्षण के बाद सड़क से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए कार्रवाई करना और सड़क के किनारे पानी के पर्याप्त छिड़काव के संबंध में डीडीए को निर्देश दिया गया है। साथ ही यातायात पुलिस और स्थानीय प्रशासन के परामर्श से भारी वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए बैरिकेड्स लगाने का भी निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा नजफगढ़ जोन के एमसीडी उपायुक्त को कचरे के अवैध डंपिंग को हटाना और नियमित रूप से कड़ी निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया है। याचिकाकर्ता एसके कटारिया समेत अन्य स्थानीय निवासियों ने इलाके में निर्माण व ध्वस्तीकरण से निकलने वाले कचरे के अवैध तरीके से डालने व गंदगी को लेकर शिकायत की थी।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 2 जनवरी, 2023 WSPAPERS------------------------------------------------DATED----------------------

# जी-20 समिट की मेजबानी पर दावा मजबूत कर रहा असिता ईस्ट

**G20 बैठक की तैयारियां**

**अगले** साल सितंबर में आयोजित होने वाले जी-20 समिट के लिए यमुना खादर में बने असिता ईस्ट को संभावित स्थलों के रूप में देखा जा रहा है। इस वजह से यहां कार्य तेज कर दिया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना व नीति आयोग के सचिव अमिताभ कांत दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के साथ मिलकर यहां निर्माण कार्य का निरीक्षण कर चुके हैं। उपराज्यपाल ने डीडीए के अधिकारियों को असिता ईस्ट में हरियाली, विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों, विभिन्न फूलों के पौधों के साथ साफ-सफाई की उचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

उपराज्यपाल के निर्देश के बाद डीडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों ने काम की रफ्तार बढ़ा दी है। यहां पर विभिन्न प्रकार के विशेष फूलों के पौधे लगा दिए गए हैं, जो समय आने पर असिता ईस्ट की सुंदरता को बढाएंगे। साथ ही लोगों को घूमने की सुविधा के लिए टाइल लगाकर फुटपाथ तैयार किया गया है। हरियाली को ध्यान में रखते हुए असिता ईस्ट में चार हजार पेड़ और 33.5 लाख नदी वाली घास लगाई गई है।

असिता ईस्ट 197 हेक्टेयर में बनना है। आइटीओ के पुल से लोहे वाले पुल के बीच में यह परियोजना चल रही है। इसमें 90 हेक्टेयर में असिता ईस्ट का एक भाग है, जिसका उद्घाटन उपराज्यपाल ने सितंबर में किया था। जलाशय और कच्चे ट्रैक के साथ इसे लोगों के लिए खोल दिया गया था। इसके बाद यहां सुंदरीकरण का काम चल रहा है, लेकिन अब जी-20 की दावेदारी को देखते हुए यहां टाइलों के साथ ट्रैक बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा विभाग से मिल रहे अन्य सुझाव पर काम चल रहा है। असिता ईस्ट के दूसरे भाग में 107 हेक्टेयर जमीन पर काम शुरू कर दिया गया है।


यमुना खादर स्थित असिता ईस्ट ● जागरण

### उद्घाटन
कब हुआ : सात सितंबर, 2022

किसने किया : दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना

### असिता ईस्ट का क्षेत्रफल
- पुराने लोह के पुल से आइटीओ बैराज तक फैला है असिता ईस्ट
- कुल 197 हेक्टेयर का क्षेत्रफल है
- 90 हेक्टेयर हिस्सा डीडीए के अंतर्गत
- 107 हेक्टेयर हिस्सा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के पास है

### अब तक ये काम हुआ है
**33.5** लाख नदी वाली घास

**4,000** पेड़ लगाए गए हैं

**800** गोल्डन बांस के पेड़

**3** खजूर के पेड़ | **10** बेंच

### सौर ऊर्जा से जलेंगी लाइटें

यहां ट्रैक के किनारे लाइटें लगाई गई हैं, जो सौर ऊर्जा से जलेंगी। इनमे कुछ अभी जल भी रही हैं। लोग यहां घूमने-फिरने के लिए आने लगे हैं।

### ये है तैयारी
**5** एकड़ में तैयार किया जा रहा जलाशय

**60** हजार क्यूबिक मीटर पानी की क्षमता

आसपास बनाए जाएंगे आकर्षक सेल्फी प्वाइंट

### पक्षियों की जानकारी

**90** प्रजातियों के पक्षी

**800** कुल पक्षी

### ये प्रवासी पक्षी आते हैं
- इंडियन पैराडाइज फ्लाइकैचर
- वर्डिटर फ्लाइकैचर
- ग्रे हेडेड कैनरी फ्लाइकैचर

### यं स्थानीय पक्षी मिलते हैं
- स्पाटबिल्ड डक
- इंडियन मूरहेन
- पर्पल स्वाम्फेन

### इन फूलों से महकेगा असिता ईस्ट
- डहेलिया
- बबूने
- एलाइसम
- नीलकूपी
- कैलेंडुला
- हालिहाक


● आपियम पापी


यमुना खादर स्थित असिता ईस्ट के विकसित किए गए जलाशय में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी ● पारस कुमार

### असिता ईस्ट में ये सुविधाएं हैं

- बैठने व आराम करने के लिए 10 बेंच
- बच्चों के खेलने के लिए पार्क


- जैव शौचालय
- शेल्टर
- मार्गदर्शक बोर्ड
- मल्टीपर्पज एरिया
- 'मेरी यमुना' सहित अन्य सेल्फी प्वाइंट
- घूमने के लिए फुटपाथ
- योग केंद्र


प्रस्तुति : निखिल पाठक

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | SATURDAY, 31 DECEMBER, 2022 ----------------------------DATED----------------------

# AAP's Atishi accuses BJP of reneging on its MCD poll promise of 'in-situ rehabilitation of slum dwellers'

OUR CORRESPONDENT



NEW DELHI: The Aam Aadmi Party (AAP) on Friday accused the BJP of reneging on its MCD poll promise of in-situ rehabilitation of slum dwellers in the national Capital.

At a press conference, AAP MLA Atishi said just before the MCD polls on December 4, the Prime Minister had inaugurated 3,024 flats at Kalkaji and handed over the keys to eligible beneficiaries at Bhoomiheen camp.

She said the BJP had told around 40,000 inhabitants of Navjeevan camp and Jawahar camp, located opposite the Bhoomiheen camp, that they too will be given flats at their location.

"It's not been a month and the DDA has pasted notices at the Navjeevan and Jawahar camps, informing the people living there that they will be shifted to Narela and that the JJ clusters will be razed," Atishi said citing the notice. She said the Arvind Kejriwal government will not let the BJP bulldoze the JJ clusters till the time these people get their houses.

The DDA is undertaking in-situ slum rehabilitation of 376 JJ clusters in line with PM Narendra Modi's vision to provide housing for all. The objective of the rehabilitation project is to provide a better and healthy living environment to the residents of the JJ clusters. Under the Kalkaji Extension Project, in-situ slum rehabilitation of three slum clusters — Bhoomiheen camp, Navjeevan camp and Jawahar camp — is being taken up in a phased manner.

Delhi BJP spokesperson Harish Khurana responded to Atishi and said, "Atishi is a machine of extreme lies and as a punishment for spreading these lies and confusion, the people of Kalka ji have defeated all the three councilor candidates of Aam Aadmi Party. It is a matter of regret that even after being rejected by the people of Kalka ji, Atishi is not desisting from spreading lies".

# Joint secretary-level bureaucratic reshuffle effected by Central govt

OUR CORRESPONDENT

NEW DELHI: Nineteen bureaucrats have been appointed to different central government departments as part of a senior-level bureaucratic reshuffle effected by the Centre on Friday.

Padam Lal Negi has been appointed as joint secretary & financial advisor, Ministry of Civil Aviation, Sanjeev Kumar Kassi will be joint secretary, Coal Ministry and Gangadhar Panda, as additional director of the Directorate General of Foreign Trade (DGFT), according to an order issued by the Personnel Ministry.

Jitendra Srivastava, a 2000-batch Indian Administrative Service (IAS) officer of the Bihar cadre, has been named joint secretary, Department of Drinking Water & Sanitation and K Manicka Raj as joint secretary, Department of Economic Affairs.

Preet Pal Singh has been appointed as joint secretary, Ministry of Food Processing industries, Rina Sonowal Kouli as joint secretary in the Department of Higher Education, Lokhande Prashant Sitaram will be joint secretary in the Ministry of Home Affairs, and Chittaranjan Dash and Ravi Shankar have been appointed as principal commissioners, Delhi Development Authority (DDA).

Deepika Kachhal will be joint secretary, Ministry of Labour & Employment, Manish Kumar Kanojia will be financial advisor, Khadi and Village Industries Commission (KVIC), Mumbai, Surender Mehra as adviser, NITI Aayog and Sanjiv as joint secretary, Department for Promotion of Industry and Internal Trade, said the order.

Lucas Laiconsing Kamsuan has been appointed as joint secretary, Department of Public Enterprises, Anshu Manish Khalkho will be director (A&F), National Highways & Infrastructure Development Corporation Ltd. (NHIDCL), A Dhanalakshmi as joint secretary, Department of Science & Technology, Mebanshailang R Synrem will be joint secretary, Ministry of tourism and Preetam B Yashvant as joint secretary, Ministry of Women & Child Development, the order said.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------ दैनिक भास्कर ---------DATED----------------------

नई दिल्ली, सोमवार 02 जनवरी, 2023

**भूमाफियाओं के हौसले बुलंद** • करावल नगर में सरकारी जमीन पर चौथी बार कब्जे का प्रयास किया

# एक दिन में भूमाफियाओं का सवा दो सौ करोड़ रुपए की 2 सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास

## जागरूक नागरिक व स्थानीय सांसद के सक्रियता और एसडीएम के हस्तक्षेप से कब्जे का प्रयास विफल

शेखर घोष | नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में डीडीए और दिल्ली सरकार के भूमि पर निरंतर हो रहे अवैध कब्जे और अतिक्रमण का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में भूमाफियाओं के हौसले इतने बढ़े हुए कि एक ही दिन में भूमाफियाओं ने दिल्ली सरकार के सवा दो सौ करोड़ रुपए के जमीन पर स्थानीय पुलिस के सांठ-गांठ से कब्जा करने के प्रयास का दुस्साहस किया।

इनमें एक मामला नंद नगरी थाना क्षेत्र की सुंदर नगरी कॉलोनी का है। डीडीए द्वारा दिल्ली सरकार को स्कूल बनाने के लिए लगभग पांच हजार से अधिक स्कवायर मीटर भूमि जमीन दी गई थी। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने शिक्षा विभाग ने 8 फुट की बाउंड्री कर कटीले तार लगाए और स्टील के गेट लगा दिया। शिक्षा विभाग ने स्कूल के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को जमीन सौंप दिया। पीडब्ल्यूडी ने स्कूल के निर्माण के लिए टेंडर कर दी और निर्माण कार्य शुरू हो गया तो दिन दहाड़े इस भूमि पर भूमाफिया अपनी भूमि बताकर गेट पर कुर्सी डाल कर बैठ गए। जब दिल्ली में सरकारी योजनाओं के लिए जमीनों का अभाव है तो भू माफिया को कहां से बल मिलता है जो इन जमीनों पर आसानी से काबिज हो जाते हैं और करोड़ों रुपए की सरकारी जमीन पर हाथ साफ कर देते हैं। फिलहाल एक  दिन के अंदर दो सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की कोशिश यह साबित करने के लिए काफी है कि भूमाफिया के मन में कानून व्यवस्था का कोई खौफ नहीं है और करोड़ों की सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे पर प्रशासनिक अधिकारियों की खामोशी उनकी मिलीभगत को उजागर करती है

## भूमाफियाओं पर पुलिस ने एफआईआर और गिरफ्तारी नहीं की







सांसद प्रतिनिधी और उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी ने बताया कि कुछ जागरूक लोगों ने भूमाफिया के करतूत को फोटो और वीडियो बनाकर उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी को भेज कर कब्जा रूकवाने का अनुरोध किया। त्रिवेदी ने बताया कि सांसद कार्यालय ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते थाना नंद नगरी क्षेत्र में भूमाफियाओं के विरूद्ध अवैध कब्जा के प्रयास के विरुद्ध दिल्ली पुलिस उपायुक्त, पुलिस आयुक्त और दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। साथ अशोक कुमार डिप्टी डायरेक्टर एन2 शिक्षा विभाग थाना नंद नगरी में लिखित शिकायत की इसके बाद अवैध कब्जे की कोशिश को नाकाम तो कर दिया गया पर भूमाफियाओं के विरूद्ध अभी तक नंद नगरी पुलिस ने एफआईआर और गिरफ्तारी नहीं की है।

## एसडीएम ने खुद रुकवाया 1500 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर कब्जा

नार्थ ईस्ट डिस्ट्रीक के करावल नगर में भू माफिया ने दिन दहाड़े चौथी बार डीडीए द्वारा दिल्ली सरकार को सीनियर सेकेंड्री स्कूल बनाने के लिए दी गई भूमि पर भू माफिया द्वारा चौथी बार कब्जा करने का प्रयास किया। सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिवेदी के बताया कि क्षेत्र के लोगों के द्वारा भूमाफिया के द्वारा कब्जा करने के प्रयास की सूचना पर थानाध्यक्ष करावल नगर को सूचित कर कब्जा रूकवाने का मांग किया गया, पुलिस मौके पर नहीं आई। त्रिवेदी ने बताया कि इसके बाद मामले की सूचना जिला अधिकारी को दी गई। इसके बाद एसडीएम करावल नगर संजय कुमार सोंधी मौके पर जाकर शाम सात बजे भू-माफिया के द्वारा करवाए जा रहे निर्माण को रूकवाया। बता दें कि इस भूमि पर सांसद मनोज तिवारी के 2016 में भी भू माफियाओं से खाली करवाया था। 2018 में भूमाफिया फिर से उस भूमि के 500 मीटर के टूकड़े पर भू माफियाओं ने मकान बनाकर मीटर लगा दिया था। फिर 2019 इस पर निर्माण भूमाफियाओं ने कब्जा कर मकान बना दिया फिर सांसद कार्यालय ने सतर्कता दिखाई और नगर निगम के मदद से जमीन को खाली करवाया था। अभी तक चार अलग-अगल भूमाफिया इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर चुकी है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE HINDU Saturday, December 31, 2022 DELHI

# AAP to showcase its 'three weeks in MCD versus BJP's 15 years'

BJP calls AAP's latest campaign a gimmick; AAP accuses BJP of going back on its promise of in situ rehabilitation of slum dwellers

The Hindu Bureau
NEW DELHI

The Aam Aadmi Party (AAP) on Friday said it will launch a campaign to showcase the work done by the Municipal Corporation of Delhi (MCD) in the last three weeks and compare it with the BJP's 15-year rule in the civic body.

On December 7, AAP won the MCD polls with 134 of the 250 seats, ending the BJP's 15-year rule in the municipal corporation.

"From tomorrow, AAP will begin a '15 years of BJP versus 3 weeks of AAP' campaign. We will analyse the work done in the last three weeks in key sectors such as the working condition of safai karamcharis, cleanliness of drains and internal roads, and update the people," AAP MCD in-charge Durgesh Pathak said. "We will not be surprised if the work completed by AAP in three weeks will outweigh the BJP's performance in its past three tenures," he added.

The BJP hit back calling the campaign "nothing but a gimmick" since AAP's tenure in the MCD is yet to begin. The first meeting of the MCD will be held on January 6, marking the beginning of a five-year tenure of the unified corporation and the newly elected councillors. Reacting to Mr. Pathak's statement, Delhi BJP spokesperson Praveen Shankar Kapoor said it will be better if AAP refrains from indulging in rhetoric and wait until January 6.



> We will not be surprised if the work completed by AAP in three weeks will outweigh the BJP's performance in its past three tenures
>
> **DURGESH PATHAK**
> AAP MCD in-charge

### Relocation of slums

Meanwhile, AAP also accused the BJP of going back on its MCD poll promise of in situ rehabilitation of slum dwellers. It said the BJP sought votes from people living in slum clusters on the basis of PM Modi's 'Jahan Jhuggi Wahan Makaan' housing scheme, but "it turned out to be a lie". "Yesterday evening, the DDA issued a notice saying that people residing in Navjeevan Camp and JLN Camp will now be shifted to Narela, and the jhuggis over here will be bulldozed," AAP leader Atishi said.

In response, Delhi BJP spokesperson Harish Khurana said that the people of Kalkaji have defeated all three AAP councillor candidates as a punishment for spreading such lies and confusion. Meanwhile, a senior DDA official told *The Hindu* that residents in Navjeevan Camp and JLN Camp are being offered an opportunity to relocate to DDA flats in Narela, subject to their consent.

नई दिल्ली। शनिवार • 31 दिसम्बर • 2022 राष्ट्रीय सहारा

# आप ने भाजपा पर लगाया एमसीडी के चुनावी वादों से मुकरने का आरोप

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह एमसीडी चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गीवासियों के पुनर्वास के अपने चुनावी वादे से मुकर रही है। आप विधायक आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चार दिसंबर को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री ने कालकाजी में 3,024 फ्लैट का उद्घाटन किया था और भूमिहीन शिविर में पात्र लाभार्थियों को इसकी चाबियां सौंपी थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भूमिहीन शिविर के सामने स्थित नवजीवन शिविर और जवाहर शिविर के लगभग 40,000 लोगों से कहा था कि उन्हें भी उनके स्थान पर फ्लैट दिए जाएंगे।

आतिशी ने कहा कि एमसीडी चुनाव हुए अभी एक महीना नहीं हुआ और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नवजीवन और जवाहर शिविरों में नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस के जरिए वहां रहने वाले लोगों को सूचित किया गया है कि उन्हें नरेला में स्थानांतरित कर दिया जाएगा और झुग्गी-झोपड़ी समूहों को उजाड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक इन लोगों को उनके घर नहीं मिल जाते, तब तक अरविंद केजरीवाल सरकार जेजे क्लस्टर पर बुलडोजर नहीं चलने देगी। भाजपा की ओर से आप के इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# केंद्र ने संयुक्त सचिव स्तर पर किया फेरबदल

**विभिन्न विभागों में 19 नौकरशाहों की नियुक्ति**

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र ने शुक्रवार को वरिष्ठ स्तर पर नौकरशाही में फेरबदल के तहत अपने विभिन्न विभागों में 19 नौकरशाहों की नियुक्ति की।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पदम लाल नेगी को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, संजीव कुमार कासी को कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव और गंगाधर पांडा को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के बिहार कैडर के 2000 बैच के अधिकारी जितेंद्र श्रीवास्तव को पेयजल और स्वच्छता विभाग में संयुक्त सचिव और के. मनिका राज को आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। प्रीत पाल सिंह को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव, रीना सोनोवाल कौली को उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव, लोखंडे प्रशांत सीताराम को गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव और चितरंजन दास तथा रविशंकर को प्रधान आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के रूप में नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया कि दीपिका कच्छल श्रम और रोजगार मंत्रालय में संयुक्त सचिव, मनीष कुमार कनौजिया खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), मुंबई के वित्तीय सलाहकार, सुरेंद्र मेहरा सलाहकार, नीति आयोग और संजीव उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग में संयुक्त सचिव होंगे। लुकास लाइकोनसिंग कामसूआन को लोक उद्यम विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है और अंशु मनीष खलखो राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के निदेशक (ए एंड एफ) होंगे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
11 SATURDAY I DECEMBER 31, 2022

# Non-IAS rewarded with elevation to Joint Secy post

PIONEER NEWS SERVICE
NEW DELHI



The Centre on Friday appointed 19 Joint Secretaries with the major portion of officers coming from the non-IAS or allied services including the Central Secretariat Services (CSS).

The elevation of the non-IAs officers to the post of joint secretary is part of the Government's continued thrust to give more weightage to officers out of the IAS cadres in appointment of crucial offices, especially those at Union Ministries and related departments.

Of the total appointments, only five are from the IAS and the rest are from different services with the Government. The rest are from officers from Defence Estate Services, Indian Forest Service, and Central Public Sector Enterprise services.

Padam Lal Negi (IDAS) has been appointed as joint secretary & financial advisor, Ministry of Civil Aviation, while Sanjeev Kumar Kassi (CPES) will be JS Coal Ministry and Gangadhar Panda (IRS) additional director of the Directorate General of Foreign Trade (DGFT), according to an order issued by the Personnel Ministry.

Jitendra Srivastava, a 2000-batch Indian Administrative Service (IAS) officer of the Bihar cadre, has been named Joint Secretary, Department of Drinking Water & Sanitation and K Manicka Raj (IAS) joint secretary, Department of Economic Affairs.

Preet Pal Singh (Indian Forest Service) has been appointed joint secretary, Ministry of Food Processing industries, Rina Sonowal Kouli (IIS) joint secretary in the Department of Higher Education, Lokhande Prashant Sitaram (IAS) joint secretary in the Ministry of Home Affairs, and Chittaranjan Dash (IAS) and Ravi Shankar (IDES) have been appointed principal commissioners, Delhi Development Authority (DDA).

Continued on Page 2

## Non-IAS rewarded with elevation to...

From Page 1

Deepika Kachhal (IIS) will be joint secretary, Ministry of Labour & Employment, Manish Kumar Kanojia (IRS) will be financial advisor, Khadi and Village Industries Commission (KVIC), Mumbai, Surender Mehra (IFoS) as adviser, NITI Aayog and Sanjiv (IRS) as joint secretary, Department for Promotion of Industry and Internal Trade, said the order.

Lucas Laiconsing Kamsuan (CSS) has been appointed as joint secretary, Department of Public Enterprises, Anshu Manish Khalkho (IDAS) will be director (A&F), National Highways & Infrastructure Development Corporation Ltd. (NHIDCL), A Dhanalakshmi as joint secretary, Department of Science & Technology, Mebanshailang R Synrem (IAS) will be joint secretary, Ministry of tourism and Preetam B Yashvant (IAS) as joint secretary, Ministry of Women & Child Development, the order said.

अमर उजाला नई दिल्ली | शनिवार, 31 दिसंबर 2022

# आप की चुनौती, नहीं चलने देंगे बुलडोजर : आतिशी

अमर उजाला ब्यूरो

**आरोप, एमसीडी चुनाव खत्म होते ही झुग्गीवालों को भेजा जा रहा 50 किमी दूर**

नई दिल्ली। आप का दावा है कि एमसीडी चुनाव बीतने के बाद ही भाजपा का 'जहां झुग्गी वहां मकान' का वादा झूठा साबित हुआ है। अब झुग्गीवासियों को मूल स्थान से 50 किलोमीटर दूर भेजा जा रहा है। डीडीए ने कालकाजी के भूमिहीन कैंप में नोटिस चस्पा किया है कि इस झुग्गी को नरेला भेजा जा रहा है। पार्टी ने इसे गलत बताया है। साथ ही चुनौती दी है कि वह ऐसा होने नहीं देगी।

आप विधायक आतिशी ने बताया कि एमसीडी चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप के कुछ निवासियों को मकान के कागज दिए। इसके आधार पर भाजपा ने चुनाव में वोट मांगे और जहां झुग्गी, वहीं मकान बनाकर देने का वादा किया। आतिशी ने बताया कि भूमिहीन कैंप के सामने दो और बड़े-बड़े 30-40 साल पुराने जेजे कैंप, नवजीवन कैंप और जवाहर लाल नेहरू कैंप है। यहां करीब 40 हजार लोग रहते हैं। आतिशी के मुताबिक, डीडीए ने बृहस्पतिवार शाम एक नोटिस नवजीवन कैंप और जवाहर लाल नेहरू कैंप पर लगाया गया। इसमें झुग्गी वालों को नरेला भेजने की बात है।

दैनिक भास्कर नई दिल्ली, शनिवार 31 दिसंबर, 2022 | 2

# झुग्गीवालों से किए वादे से मुकरी भाजपा: आतिशी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व विधायक आतिशी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का एमसीडी चुनाव में 'जहां झुग्गी वहां मकान' का वादा झूठा निकला है। चुनाव के तुरंत बाद झुग्गियों को 50 किलोमीटर दूर भेजा है। पीएम मोदी ने झुग्गियों के पास फ्लैट देने से इंकार किया है और कहा है कि 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। आतिशी ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ जैसे पूरी यूपी में बुल्डोजर चला रहे हैं, वैसे यहां पर बुल्डोजर नहीं चलाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमसीडी चुनाव के लिए बीजेपी ने 'जहां झुग्गी वहां मकान' के आधार पर जेजे कैंप और झुग्गी क्लस्टर में रहने वाले लोगों से वोट मांगे थे। बसों में भरकर भाजपा यह फ्लैट दिखाने लाई थी। एमसीडी चुनाव खत्म होते ही डीडीए ने नोटिस लगाया है कि इस झुग्गी को नरेला भेजा जा रहा है। आतिशी ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एमसीडी चुनाव को लेकर जिस दिन मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लगना था, उससे एक दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप के कुछ निवासियों को मकान के कागज दिए।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

THE HINDU NEWS, January 2, 2023 DELHI -----DATED-----

# With push for vibrant nightlife, Delhi gets ready to be a 24x7 city

An active nightlife is only one among the various components that can help result in the city having a thriving night-time economy, provisions for which have been earmarked in the draft Master Plan for Delhi-2041

**Muneef Khan**
NEW DELHI

With bars and restaurants in luxury hotels being allowed to operate round the clock, and those in other categories till 1 a.m., the decision to ease licensing norms – initiated by L-G Vinai Kumar Saxena – comes as an initial push towards understanding the larger goal of having a vibrant nightlife in the Capital.

Simply put, a vibrant nightlife is more than just 'partying longer into the night' – it's a push for making Delhi a 24x7 city by promoting a night-time economy that involves an array of activities and benefits in various sectors, including increasing jobs and improving the overall safety of the city.

Last week, a similar push was initiated for restaurants and cafeterias based in the Qutab Golf Course, among other establishments under the Delhi Development Authority (DDA), which saw an extension in their operational timings till 1 a.m.

Explaining the decision, a senior DDA official said over the next three months, the urban body will observe the footfall at these establishments to see the overall response from people. However, he added, pushing for an active nightlife is only one among the various components that can help result in the city having a thriving night-time economy.



**Night out:** A night-time economy will require an active nightlife, which is largely missing in the national capital. SHIV KUMAR PUSHPAKAR

## Night-time economy

"A night-time economy will require an active nightlife, which is largely missing in the city. What we [DDA] are attempting at is within our establishments, but the larger plan includes concerned agencies identifying pockets in the city where an active nightlife can be promoted, and the draft Master Plan for Delhi (MPD)-2041 has provisions which lay emphasis on this," said the senior DDA official.

According to the draft MPD-2041, identifying circuits where offices can continue working at night, along with cultural activities and events at night to attract locals and tourists are among the key components towards fostering a night-time economy.

The draft notes that extending the utilisation of work spaces by promoting a vibrant nightlife will add towards public safety and help improve economic productivity.

"It is basically the concept of a 24-hour city, where you have a parallel life at night. Going by this concept, utilising work spaces at night will require appropriate calibrations in the labour laws and various other changes," said the senior DDA official.

The draft MPD 2041 notes that areas which have a concentration of heritage assets and business districts that currently have a "vibrant nightlife" will be the priority nodes of 'Nightlife Circuits', which are to be identified by local bodies and other concerned agencies.

"The draft also notes that the agencies will have to permit extended timings for restaurants, entertainment and other facilities at the circuits to function at night. In the long run, most establishments will have to operate beyond 1 a.m. in order to actually have a nightlife. This also requires changing the reality of Delhi being unsafe at night. So, there are multiple challenges," said the senior DDA official.

The plans to promote the circuits include allowing the concerned agencies to collaborate with cultural groups, artist collectives and market associations, among others.

While the draft MPD-2041 is yet be notified, the tentative timeline – provided by the Centre to the Supreme Court – notes that a letter regarding final approval and notification of MPD-2041 will be sent to the Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA), by January 15, 2023.

## Infrastructural targets

Serving as a vision document for the city's growth over the next two decades, the MPD-2041 has set a number of infrastructural targets such as minimising vehicular pollution, providing affordable housing, and making Delhi a 24x7 city by promoting a night-time economy.

"The positive part is that the Lieutenant Governor is overseeing the push for a better nightlife and this may result in more progress in connection to this. Nightlife should not be confused with night-time economy; however, the former is a crucial component towards developing a night-time economy," said the senior DDA official.